Title : Need to re-start rail service on Ankaleshwar-Jhagaria-Raj-Pipla and Kosamba-Umarpara rail lines in Gujarat - Laid.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में 1968 में बाढ़ आई थी, जिसके कारण इस क्षेत्र के अंकलेश्वर से झगडिया होकर राजपीपला और कोसम्बा और उम्मरपाडा के बीच जो रेलवे लाईन थी, वह टूट गयी थी। इस कारण इन रेलवे लाइनों पर रेल सेवा को बंद कर दिया। तब से यहां पर रेल सेवा शुरू नहीं की जा सकी है। इन रेलवे लाइनों के आसपास के गांवों के लोग मजदूरी करने के लिए भरूच और अंकलेश्वर औद्योगिक क्षेत्रों में आते जाते हैं। इन रेलवे लाइनों पर रेल सेवा न चलने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है और यहां का क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। इन रेलवे लाइनों पर रेल सेवा न चलने से यहां का पिछड़ापन दूर नहीं हो पा रहा है। पहले यहां पर कई सालों से रेल सेवायें चलती थीं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों रेलवे लाइनों पर रेल सेवा जल्द से जल्द शुरू की जाये, जिससे यहां के आदिवासी लोगों को विकास के अ वसर मिल सकें।